throughout India. The Corporation operate eleven Friendship frequencies per week to Bagdogra and seven per week to Gauhati.

(c) The Friendship Service was withdrawn from the following routes on the dates indicated against them:

(i) Calcutta/Agartala/Calcutta—15-11-63

(ii) Calcutta/Gauhati or Jorhat Mohanbari—1-2-64.

The Corporation have reported that the Friendship Service had to be withdrawn from the Calcutta/Agartala route so as to allow an earlier departure ex-Calcutta for Delhi and to places onwards. The F-27 service Calcutta/Gauhati/Jorhat / Mohanbari was withdrawn with effect from 1-2-64 and it was replaced by Viscount Service omitting Jorhat in order to provide faster and more comfortable air travel as also to give additional passenger carrying capacity. The sector Jorhat/Mohanbari involved 20 minutes flight time and it was found un-economical to land the aircraft at Jorhat and later at Mohanbari. However, it is the intention of the Corporation to operate Calcutta/Gauhati/Jorhat Service as soon as Friendship capacity can be found for the Service.

**Railway Accidents**

**2592. Shri Onkar Lal Berwa:** Will the Minister of **Railways** be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the engine and three bogies of Danapur-Samastipur Express train bound for Smastipur were derailed near Barauni on the 9th April, 1964;

(b) if so, the causes thereof; and

(c) the extent of loss caused to life and property thereby?

**The Deputy Minister in the Ministry of Railways (Shri S. V. Ramaswamy):** (a) On 8-4-64 at about 20-55 hours just after No. 46 Up Danapur-Samastipur (Broad Gauge) Express train started from Barauni junction, the train engine and the two bogies next to it derailed.

(b) The cause is under investigation.

(c) There was no loss of life. The approximate cost of damage to railway property was Rs. 530.

**गाड़ी उलटने का प्रयत्न**

**२५९३. श्री ओंकारलाल बेरवा :** क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि ५ अप्रैल, १९६४ को भुवनेश्वर के पास तोड़ फोड़ करने वाले कुछ व्यक्तियों ने एक गाड़ी को उलटने का प्रयत्न किया ;

(ख) यदि हां, तो उन्होंने क्या हरकत की ;

(ग) क्या इस मामले की जांच करा ली गई है ; और

(घ) यदि हां, तो क्या पता लगा ?

**रेलवे मंत्रालय में उपमंत्री (श्री शाहनवाज खां) :** (क) और (ख). सच बात यह है कि ५-४-१९६४ को भुवनेश्वर के पास नहीं, बल्कि भद्राला के पास केंदुआपदा और बाउदपुर के बीच ४ फिश प्लेट, ८ बोल्ट और २ डाग स्पाइक गायब पाये गये । इसके अलावा पुली और डिटेक्टर में पत्थर के रोड़े रखे हुए पाये गये, जिनकी वजह से बाउदपुर स्टेशन पर सिगनल के तार जाम हो गये थे । सिगनल काम नहीं दे रहे थे जिसकी वजह से स्टेशन मास्टर को इस बात का पता लग गया और उसने गाड़ी को बाहरी सिगनल के पास रोक दिया ।

(ग) जी हां । भारतीय रेल अधिनियम की धारा १२६ और १२८ के अन्तर्गत बालसोर सरकारी रेलवे पुलिस थाने में दो मामले (नं० १४ और १५) दर्ज किये गये हैं जिनकी जांच स्वयं रेलवे पुलिस सुपरिन्टेन्डेन्ट की देखरेख में हो रही है ।

(घ) सन्देह में तीन रेल कर्मचारी गिरफ्तार किये गये हैं ।